<u>जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 24.05.2025 को आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।</u>

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 24.05.2025 को सायं 04:00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक में सम्बन्धित विभागों को निम्न निर्देश दिये गये–

<u>जल जीवन मिशन</u>

- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देश दिये गये कि हर घर जल योजना में जनपद इटावा की रैंक पोर्टल पर क्या है ? आगामी बैठक में यह सूचना पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
- निर्देश दिये गये कि छोटे–छोटे लक्ष्य लेकर योजना में प्रगति करना सुनिश्चित करें।
- निर्देश दिये गये कि हर घर जल सर्टिफिकेशन पोर्टल पर कितने दिख रहे है। यह सूचना पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
- निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायत उमराही में बोरिंग हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण उप जिलाधिकारी, सैफई से सम्पर्क स्थापित कर समस्या का निस्तारण करायें।
- निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायत हरिहरपुर, विकास खण्ड बसरेहर तथा ग्राम पंचायत जगमोहनपुर विकास खण्ड महेबा में बोरिंग हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों से आगामी सप्ताह में सम्पर्क स्थापित कर भूमि की समस्या का निस्तारण करायें।
- निर्देश दिये गये कि आगामी बैठक की पी0पी0टी0 में हर घर जल सर्टिफिकेशन रहना चाहिए।
- निर्देश दिये गये कि आगामी बैठक में जल निगम की पुरानी पेयजल योजनाओं की भी समीक्षा की जायेगी। इस हेतु आगामी बैठक में 2–3 डी.पी.आर. का अवलोकन कराना सुनिश्चित करें।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

28.05.2025
जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,
इटावा।

**।। कार्यालय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, इटावा।।**

पत्रांक 112 /डीएसटीओ/विकास प्राथमिकता कार्यक्रम/बैठक कार्यवृत/2025–26 दिनांक 28-5-2025
प्रतिलिपि–

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. समस्त सम्बन्धित अधिकरियों को अनुपालनार्थ प्रेषित।

28.05.2025
जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,
इटावा।